विवाद | विक्षिप्त महिला द्वारा गाली देने को लेकर हुआ था विवाद, पति-पत्नी पर हत्या का मामला दर्ज

दो पक्षों के विवाद में वृद्ध की मौत, 3 घायल

नवभारत,दमोह 10 मई। जिले के देहात थाना क्षेत्र के नरसिंहगढ़ चौकी के खड़ेरा मोहल्ले में रविवार सुबह दो पक्षों में विवाद हो गया.जिसमें 58 वर्षीय मुन्नालाल जैन की मौत हो गई और उनके घर के तीन लोग घायल हो गए. पुलिस ने आरोपी पति-पत्नी पर हत्या का मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है और मामले में जांच शुरू की गई है. जानकारी के अनुसार मृतक मुन्नालाल जैन की मानसिक विक्षिप्त बेटी कविता जैन घर में ही रहती है. उसके द्वारा पड़ोसी धर्मेंद्र सिंह लोधी को गालियां दी गईं, जिसको लेकर यह विवाद रविवार अल सुबह

घायलों को जिला अस्पताल में किया गया भर्ती

तत्काल पुलिस को सूचना दी। इसके बाद घायलों को इलाज के लिए 108 से जिला अस्पताल लाया गया. जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मुन्नालाल जैन को मृत घोषित कर दिया है. पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कार्रवाई कर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द किया गया और मामले में जांच शुरू.

आवेदन पर पुलिस ने नहीं दिया ध्यान

उन्होंने परिजनों से कई बार कहा कि उसका अच्छे से इलाज कराए. पुलिस में भी कई बार आवेदन दिया, लेकिन इस पर पुलिस द्वारा भी ध्यान नहीं दिया गया. इसके बाद सुबह यह घटनाक्रम हो गया.

घर में आकर दी थी गालियां

मृतक मुन्ना की बेटी वर्षा ने बताया कि बहन ने घर के अंदर आकर गालियां दी थी, जिसके बाद धर्मेंद्र अपनी पत्नी लक्ष्मी के साथ आया और उनके पिता के साथ मारपीट कर दी. जब उनका भाई पप्पू और जीजा बचाने आए तो उसके साथ भी मारपीट की गई. बहन कविता और उनके पति दिनेश पर भी हमला किया.

विक्षिप्त महिला से पूरा मोहल्ला था परेशान

घटना को गंभीरता से लेते हुए दमोह पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने घटनास्थल पहुंचकर थाना प्रभारी अमित गौतम, परिजनों सहित मोहल्ला वासियों से जानकारी प्राप्त की. वहीं, यह बात भी सामने आ रही है कि मानसिक विक्षिप्त कविता जैन से पूरा मोहल्ला परेशान था. वह आए दिन गंदी-गंदी गालियां देती थी.

पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया

देहात थाना टीआई अमित गौतम व चौकी प्रभारी अभिषेक पटेल ने बताया कि दोनों पड़ोसियों के बीच रविवार सुबह विवाद हुआ था, जिसमें मुन्नालाल जैन की मौत हो गई है और उनके घर के तीन लोग घायल हुए हैं. आरोपी धर्मेंद्र सिंह लोधी और उनकी पत्नी लक्ष्मी लोधी को गिरफ्तार कर लिया है और हत्या का मामला दर्ज कर मामले में जांच की जा रही है.

पुलिस ने किया बड़ा खुलासा

बड़ी मां ने गला घोंटकर की थी मासूम अनिरुद्ध की हत्या

- सिर को पत्थर से कुचला
- शव को घर से 50 मीटर दूर रात के अंधेरे में फेंका था

तेंदूखेड़ा नवभारत 10 मई। तेजगढ़ थाना क्षेत्र की इमलिया चौकी में 3 साल के मासूम अनिरुद्ध की हत्या का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। एसपी आनंद कलादगी ने बताया कि बच्चे की बड़ी मां ने ही जमीन विवाद की रंजिश में उसका अपहरण कर गला दबाकर हत्या कर दी थी। इसके बाद पुलिस को गुमराह करने के लिए सिर पर पत्थर पटककर

शव अंधेरे में घर से करीब 50 मीटर दूर गोबर व भूसे के ढेर में फेंक दिया। मामला तेजगढ़ क्षेत्र के महुआखेड़ा गांव का है।

जमीन को लेकर चल रहा था विवाद

दमोह एसपी आनंद कलादगी ने बताया कि मृतक अनिरुद्ध के पिता माखन सिंह और उनके भाई भगवान सिंह लोधी के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी रंजिश में भगवान सिंह की पत्नी राजकुमारी लोधी ने शुक्रवार सुबह बच्चे को अपने पास बुलाकर गायब कर दिया था।

पुलिस को बड़े पिता व बड़ी मां पर शक था

पुलिस को शुरुआत से ही बच्चे के बड़े पिता भगवान सिंह और बड़ी मां राजकुमारी लोधी पर शक था। दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। सख्ती से पूछताछ करने पर राजकुमारी लोधी टूट गई और हत्या करना कबूल कर लिया।

आरोपी महिला को हिरासत में लिया

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने बताया कि फिलहाल आरोपी महिला को हिरासत में लिया गया है। वहीं, बड़े पिता भगवान सिंह से भी पूछताछ जारी है। पुलिस पूरे घटनाक्रम और अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है।

मातृ दिवस पर योग शिविर : महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

नवभारत,दमोह. मातृ दिवस के अवसर पर सार्थी विश्वकर्मा समाज कल्याण सेवा संगठन महिला मोर्चा व विश्वकर्मा महिला मंडल द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन व सकारात्मक जीवनशैली को प्रोत्साहित करने हेतु एक दिवसीय योग शिविर का सफल आयोजन किया गया.कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई.इस अवसर पर योगामृत टीम की संचालिका पूजा शचदेव अपने सहयोगी सदस्यों के साथ उपस्थित रहीं.टीम द्वारा महिलाओं को योग,प्राणायाम व स्वास्थ्यवर्धक अभ्यासों का प्रशिक्षण दिया गया. योग प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित योग से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है तथा

तनावमुक्त जीवन जीने में सहायता मिलती है.टीम के सदस्य रिमी जुनेजा, एकता जुनेजा राखी चोपड़ा काजल नवानी अंजली श्रीवास्तव प्रियंका बाश्वा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संयोजन सार्थी विश्वकर्मा समाज कल्याण सेवा संगठन महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती एकता विश्वकर्मा के नेतृत्व में किया गया. कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष सुषमा शर्मा, प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. संगीता विश्वकर्मा, दमोह जिला अध्यक्ष रूपा शर्मा, जिला उपाध्यक्ष भारती विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी निशा विश्वकर्मा सचिव नीता विश्वकर्मा,महामंत्री रेखा विश्वकर्मा,कृष्णा विश्वकर्मा ज्योति शर्मा,आरती विश्वकर्मा जिला कार्य कारिणी अध्यक्ष विशाखा विश्वकर्मा,प्रीति विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या मातृशक्ति रही.

कुंडलपुर में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 17 से

नवभारत,पटेरा/दमोह. तहसील के ग्राम कुंडलपुर में आगामी 17 मई 2026 से 24 मई 2026 तक भव्य श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है .यह धार्मिक आयोजन श्री रुक्मणी माता परिवार व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से श्री अंबिका माता मंदिर के पास संपन्न होगा. आयोजन के अंतर्गत प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 10 बजे तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण व अभिषेक किया जाएगा, वहीं शाम 4 बजे से हरि इच्छा तक शिव महापुराण कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया जाएगा .कथा वाचन पं .दीपक उपाध्याय मां रुक्मणी कुंडलपुर मठ आचार्य पंडित दीपक उपाध्याय द्वारा किया जाएगा. कार्यक्रम के दौरान 17 मई को भव्य कलश यात्रा से शुभारंभ होगा.

पुलिस कंट्रोल रूम में नवागत एसपी ने ली क्राइम बैठक

नवभारत,दमोह. नवागत पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने रविवार दोपहर जबलपुर नाका स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के पुलिस अधिकारियों की पहली क्राइम बैठक ली.बैठक के पूर्व नवागत एसपी का पुष्प गुच्छ से वरिष्ठ राजपत्रित अधिकारी देवी सिंह ठाकुर और वरिष्ठ टीआई तेंदूखेड़ा रावेंद्र बागरी ने किया.बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया, एसडीओपी प्रिया सिंधी,डीएसपी देवी सिंह,हटा एसडीओपी सौरभ त्रिपाठी सहित जिले भर के थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी और अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे. एसपी श्री कलादगी ने जिले में कानून व्यवस्था, लंबित अपराधों, अपराध नियंत्रण और आमजन की

सुरक्षा को लेकर विस्तृत समीक्षा की.उन्होंने सभी थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों से उनके क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं, आपराधिक गतिविधियों और निराकरण की कार्ययोजना पर चर्चा की.पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम जनता से बेहतर समन्वय रखें, शिकायतों का त्वरित निराकरण करें.

अतिरिक्त रात्रि गश्त, यातायात व्यवस्था, महिला सुरक्षा व संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखे

पुलिस अधीक्षक श्री कलादगी द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सतत भ्रमण कर कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखें तथा असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें .इसके अतिरिक्त रात्रि गश्त, यातायात व्यवस्था, महिला सुरक्षा व संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए .बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित व संवेदन शीलता के साथ निराकरण किया जाए तथा पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए .सभी थाना प्रभारियों को अनुशासन, तत्परता व जवाबदेही के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया.

जबलपुर नाका चौकी प्रभारी प्रियंका पटेल ने वाहन चेकिंग कर की कार्रवाई

नवभारत,दमोह. पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देश पर जिले भर में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है.इसी कड़ी में शनिवार शाम सीएसपी एचआर पांडे और टीआई देहात अमित गौतम के मार्गदर्शन में जबलपुर नाका पुलिस ने कार्रवाई की.मारूताल बाईपास पर चौकी प्रभारी प्रियंका पटेल,प्र.आ. रामकुमार सहित पुलिस स्टाफके साथ चेकिंग के लिए तैनात रही.इस दौरान सैकड़ों वाहनों को रोककर दस्तावेजों की जांच की गई.चौकी प्रभारी प्रियंका पटेल ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी.बिना हेलमेट,सीट बेल्ट,ओवरलोडिंग और दस्तावेजों में कमी पाए जाने पर चालानी कार्रवाई भी की गई.पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है.पुलिस ने आमजन से नियमों का पालन कर पुलिस का सहयोग करने की अपील की है.

भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग सफलता पूर्वक आयोजित

- कार्यकर्ताओं के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित रहा भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग
- भाजपा प्रशिक्षण वर्ग बना कार्यकर्ता निर्माण का सशक्त मंच

नवभारत,दमोह. भारतीय जनता पार्टी दमोह द्वारा पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व में आयोजित जिला प्रशिक्षण वर्ग (9 व10 मई) का द्वितीय दिवस सुव्यवस्थित विभिन्न विषयों पर क्रमबद्ध सत्र आयोजित कर कार्यकर्ताओं को वैचारिक व संगठनात्मक रूप से सशक्त किया गया.प्रथम दिवस के छह सत्रों व रात्रि विश्राम के पश्चात द्वितीय दिवस की शुरुआत योग व व्यायाम के साथ हुई,जिसमें कार्यकर्ताओं को स्वस्थ जीवनशैली व

अनुशासन का संदेश दिया गया.द्वितीय दिवस में सप्तम सत्र के विषय विचार परिवार में भाजपा के वैचारिक आधार, संगठन के प्रेरणा स्रोत व राष्ट्रवादी विचारधारा पर विस्तार से प्रकाश डाला गया.वक्ता बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक अनुराग प्यासी ने कार्यकर्ताओं को विचार परिवार की मूल भावना से अवगत कराया. सत्र की अध्यक्षता पूर्व विधायक श्रीमती सोना बाई अहिरवार ने की.अष्ठम सत्र कार्य विस्तार विषय पर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने व जनसंपर्क बढ़ाने के उपाय बताए गए.

सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिला उपाध्यक्ष बहादुर पटेल ने की .द्वादश एवं समापन सत्र में जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे,प्रदेश मंत्री व दमोह जिला प्रभारी श्रीमती अर्चना सिंह, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह, दमोह सांसद राहुल सिंह,पूर्व मंत्री दमोह विधायक जयंत मलैया,हटा विधायक उमा देवी खटीक,प्रशिक्षण वर्ग संभाग प्रभारी जाहर सिंह, जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी अभिषेक भार्गव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीत पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू कटारे मंचासीन रही .प्रशिक्षण वर्ग में अतिथियों सहित किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री गोपाल पटेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रामलाल पटेल अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कर समिति सदस्य श्रीमती अनीता सिंह,वर्ग संयोजक जिला महामंत्री अरुण तिवारी सहसंयोजक, जिला उपाध्यक्ष संजय सेन,सह संयोजक मनीष सोनी,वर्ग नियंत्रक सतीश तिवारी, जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी, महेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष व आवास प्रमुख राघवेंद्र सिंह परिहार,जिला उपाध्यक्ष व भोजन व्यवस्था प्रमुख मनीष तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज आदि रहें।

जिला अस्पताल में अग्नि सुरक्षा सप्ताह का समापन, मॉकड्रिल से दी आग से निपटने की ट्रेनिंग

नवभारत,दमोह. शासन के निर्देश पर जिला चिकित्सालय दमोह में 4 मई से 10 मई 2026 तक आयोजित अग्नि सुरक्षा सप्ताह का रविवार को समापन किया गया. समापन अवसर पर आग से बचाव और राहत कार्य को लेकर मौकड्रिल सहित कई गतिविधियां की गईं .डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट हर्ष कुमार जैन के मार्गदर्शन और प्लाटून कमांडर प्राची दुबे के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में अस्पताल के वार्डबॉय, गार्ड, सफाई कर्मी, नर्सिंग ऑफिसर व चिकित्सकों को अग्नि आपदा से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया .प्लाटून कमांडर प्राची दुबे ने बताया कि स्टाफ को आग के प्रकार, बचाव,रेस्क्यू और आग बुझाने के उपकरणों के संचालन संबंधी जानकारी दी गई .अग्नि आपदा की स्थिति से निपटने के लिए मौकड्रिल का आयोजन भी किया गया .साथ ही अग्निशमन वाहन अस्पताल के चारों तरफनिर्बाध पहुंच सके, इसकी भी मौकड्रिल कराई गई .इस मौकड्रिल में सिविल सर्जन व चिकित्सा स्टाफके साथ प्लाटून कमांडर प्राची दुबे, नगर पालिका के फायर सेफ्टी ऑफिसर जितेन्द्र पटैल, स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स और आपदा मित्र मौजूद रहे. अभियान के सफल समापन पर सभी ने अग्नि सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने का संकल्प लिया.

एक नजर में

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

नवभारत,हटा/दमोह . ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर विकासखंड पटेरा रुद्राक्ष हाई स्कूल के खेल मैदान पर खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा खेल मंत्री विश्वास सारंग व जिला खेल अधिकारी सैफुल्लाह खान के निर्देशन में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है .जिसमें खो-खो व करते खेल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है .ब्लॉक समन्वयक नीलम पटेल के नेतृत्व में प्रशिक्षण शिविर लगाया जा रहा है. खो-खो खेल बृजेंद्र आदर्श अनुभवी प्रशिक्षक बीपीएड व करते अजय करी के द्वारा दिया जा रहा है .जिसमें बच्चे बढ़-चढ़के भाग ले रहे हैं जिसमें खेलों की तकनीकी बारी के फिटनेस और अनुशासन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है .जिसमें में नियमित अभ्यास के साथ टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है. जिसमें फिट इंडिया मूवमेंट के तहत योग प्राणायाम और फिटनेस गतिविधियां कराई जा।

ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र फुटेरा वार्ड में मनाया मातृशक्ति दिवस

नवभारत,दमोह . शहर स्थित फुटेरा वार्ड नंबर-4 स्थित ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में रविवार,10 मई को मदर्स1डे बड़े उत्साह के साथ मनाया गया .कार्यक्रम का आयोजन बीके भारती बहन के सान्निध्य में किया गया .कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झूलेलाल मंदिर के अध्यक्ष मनीष अहूजा, सिंधी समाज के पंडित महेश शर्मा और झूलेलाल मंदिर के सलाहकार अनिल कोटवानी मौजूद रहे .बड़ी संख्या में भाई-बहनों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की रही .आयोजक ब्रह्माकुमारी भारती बहन ने बताया कि यह कार्यक्रम क्षेत्र की सभी माताओं के सम्मान में रखा गया था .सभी माताओं ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया .इस दौरान मातृशक्ति के योगदान पर प्रकाश डाला और सभी माताओं का तिलक लगाकर सम्मान किया.

नवागत एसपी ने की मंत्री से भेंट

नवभारत,दमोह .पशुपालन डेयरी विभाग मंत्री लखन पटैल से नवागत पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने जटाशंकर स्थित कार्यालय में सौजन्य भेंट की.

चार पहिया वाहन की टक्कर लगने से वृद्ध की मौत

दमोह। जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत सुभाष कॉलोनी में एक चार पहिया वाहन की टक्कर लगने से (सड़क दुर्घटना) में जानकी प्रसाद (मासाब) पिता नन्हे लाल पटेल उम्र 72 वर्ष निवासी सुभाष कॉलोनी की मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है. इधर जहरीला पदार्थ का सेवन करने से वृद्ध की मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है .प्राप्त जानकारी के अनुसार व्यक्ति को दमोह जिला अस्पताल लाया गया था,जहां डॉक्टर ने चेकअप उपरांत ईसीजी कराकर मृत घोषित कर दिया.

एसडीएम ने पकड़ी तीन पेटी अवैध शराब

दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह. गेहूं खरीदी केंद्र के निरीक्षण पर पहुंचे एसडीएम तेंदूखेड़ा छोटे गिरी गोस्वामी ने अवैध शराब बेच रहे दो युवकों को रंगे हाथ पकड़वाया. पुलिस ने मौके से तीन पेटी अवैध शराब जब्त कर आरोपियों पर मामला दर्ज किया है.जानकारी के अनुसार एसडीएम छोटे गिरी गोस्वामी सर्रा गेहूं खरीदी केंद्र का निरीक्षण करने गए थे. इसी दौरान केंद्र के पास लोगों की भीड़

देखकर वे रुक गए. पास जाकर देखा तो दो युवक अवैध रूप से शराब बेच रहे थे.एसडीएम ने तत्काल पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाया.पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन पेटी अवैध शराब जब्त की और दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया.एसडीएम श्री गोस्वामी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है.क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री पर प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से हड़कंप मच गया है.

वारदात | नपा ने दफनाया शव

तीन दिन में नही हुई शव की पहचान

नवभारत,तेंदुखेडा/दमोह. तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत 6किलोमीटर दूर सागर-झलौन रोड़ पर नाग बाबा के समीप एक व्यक्ति जंगल में पेड़ से लटका हुआ मिला था.

जिसकी जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रखवा कर व्यक्ति की पहचान करने की कोशिश की. पर व्यक्ति की पहचान तीन दिन में भी नहीं होने पर शव को नगर परिषद कर्मियों ने दफना दिया.डीएनए के

लिए सुरक्षित दो बाल रख लिए और मॉस के अवशेष पुलिस ने शव के कुछ अब शेष सुरक्षित रख लिए है.चूंकी जब कोई शव की पहचान करेगा तो डीएनए जरूरी होगा.

इनका कहना है...

शव करीब 7 दिन पुराना हो चुका था. 3 दिन शव को सामुदायिक केन्द्र के पोस्टमार्टम केन्द्र पर रखवाया था. पर कोई पहचान करने नहीं आया और शव से दूरगंद बहुत आ रही थी. इसलिए शव को नगर परिषद कर्मिओ ने दफना दिया

-रावेंद्र बागरी,टीआई तेंदूखेड़ा

बोर मशीन में काम करने वाले मजदूर की संदिग्ध हालात में मौत

नवभारत,दमोह. देहात थाना क्षेत्र के इमलाई के पास छिरोलया पेट्रोल पंप के निकट बोर मशीन में काम करने वाले एक मजदूर की अज्ञात कारणों से मौत हो गई,जहां पुलिस मामले की जांच कर रही है.प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान साजन गौंड, उम्र करीब 30 वर्ष, निवासी सरईखेड़ा, थाना रेपुरा जिला पन्ना के रूप में हुई है.वह बोर मशीन गाड़ी में मजदूरी का काम करता था.बताया जा रहा है कि रात में मजदूरी करने के बाद साजन बोर मशीन गाड़ी में ही सो गया था. सुबह मजदूर सहयोगियों और गाड़ी मालिक योगेश पटैल ने उसे मृत अवस्था में पाया. तत्काल उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने

जांच के बाद मृत घोषित कर दिया.सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया.पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा.